# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416

मो. : 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com


पत्रांक : ..................

दिनांक : 25.01.2019

# प्रकाशनार्थ

श्रम युवा की शोभा है और सेवा ~~उसकी ताकत। युवा~~ जब भी मचलता है देश–समाज की दिशा बदल जाती है। भावी भारत की तस्वीर बनाने वाला नौजवान राष्ट्रीय सेवा योजना की पाठशाला में सुसंस्कृत एव अनुशासित होकर एक नए भारत की रचना में आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना ने अनेक मील के पत्थर स्थापित किए है। आप इस शिविर मे जितना तपेंगे उतना निखरेंगें। साप्ताहिक शिविर से तपकर गाँव और ग्रामवासियों का अपना बनकर शिविर सम्पन्न करें, वही सफलता है। उक्त बातें महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ के **राष्ट्रीय सेवा योजना की सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन** करते हुए मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक **डॉ. केशव सिंह** ने कही।

**विशिष्ट अतिथि** के रूप में शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए स्काउट एवं गाइड के जिला कमीशनर तथा महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज के प्राधानाचार्य **डॉ. अरूण कुमार सिंह** ने कहा कि भारत की ताकत उसकी युवा शक्ति है और युवाओं की ताकत राष्ट्रीय सेवा योजना है। राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वयं सेवक विपरित परिस्थितियों में भी सुगमता पूर्वक चुनौतियों का समाधान करने में सफल होता है। नेतृत्व क्षमता आज के समय में किसी भी युवा की सफलता की कुंजी है। राष्ट्रीय सेवा योजना में इस प्रकार के अनेक प्रशिक्षण युवा प्रदान करके उन्हे सफलता का मार्ग प्रशस्त कराने का बड़ा माध्यम साबित हुआ है।

उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कॉलेज के **प्राधानाचार्य संदीप कुमार** ने कहा कि सामुदायिकता की भावना भारत की सामाजिक व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है। सामुहिक जीवन द्वारा बड़ी से बड़ी चुनौती का समाधान सम्भव है। राष्ट्रीय सेवा योजना सामुदायिक जीवन एवं श्रम–सेवा को साधने के मंत्र का ही नाम है। भारत सरकार की एक ऐसी अद्वितीय योजना जो युवाओं में श्रम और सेवा के माध्यम से राष्ट्रीयता का पाठ पढ़ाती है, उसी का नाम राष्ट्रीय सेवा योजना है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ0 **प्रदीप कुमार राव** ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा का बड़ा मंच है। समाज के संसाधन विहीन लोगों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत कर ग्रामीण भारत को विकसित भारत के साथ जोड़ने का सुखद अवसर प्राप्त किया जा सकता है। हम स्वास्थ्य, शिक्षा, समरसता, राष्ट्रीयता, भारतीय संस्कृति के प्रति सभी को जागरूक करें।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बृजभूषण लाल तथा आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरविन्द श्रीवास्तव ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत तथा समारोप वन्देमातरम् के साथ हुआ। इस अवसर पर समस्त शिविरार्थी के साथ शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**(डॉ. राजेश शुक्ल)**

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी